## पनागर एसडीएम सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

# रोड हटाने की कार्यवाही पर यथास्थिति के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने पनागर के ग्राम औरिया में एक डेव्लहपर द्वारा कृषि कार्य के लिये किये गये रोड निर्माण को हटाने संबंधी कार्यवाही पर रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने मामले में यथास्थिति के निर्देश देते हुए अनोवदकों को नोटिस जारी किए ।चार सप्ताह में जवाब तलब किया ।

यह मामला माँ काली डेवलपर्स की ओर से दायर किया गया है। इसमें पनागर एसडीएम के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मुरम डालकर कृषि कार्य हेतु बनाई गई रोड को हटाने के आदेश दिये गये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने कॉलोनी बनाने के उद्देश्य से जमीन क्रय की थी, लेकिन कालोनी निर्माण हेतु आवश्यक अनुमति टीएनसीपी भोपाल के पास पेंडिंग है। इसी बीच में याचिकाकर्ता ने लगभग 10 हेक्टर की जमीन पर खेती करने का निश्चय किया । खेती में आवागमन के उद्देश्य से मुरम की रोड डाली। इसके साथ नगर निगम से आवश्यक अनुमति लेकर नाले के ऊपर स्वयं के खर्चे पुल बनाया। किंतु एक स्थानीय नागरिक ने दुर्भावना पूर्वक प्रेरित होकर एसडीएम पनागर के समक्ष अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत की। जिस पर याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब भी आवेदक की ओर से दिया गया, लेकिन उक्त जवाब के बावजूद एसडीएम द्वारा आदेश न पारित करते हुए दुर्भावना पूर्वक तहसीलदार



पनागर को आदेश किया कि याचिकाकर्ता द्वारा आवागमन के लिये बनाई गई रोड को तत्काल हटाया जाये। जिसके बाद तहसीलदार ने तीन दिवस में रोड हटाने का आदेश पारित किया। जिसके खिलाफ कमिश्नर के समक्ष अपील की गई। न्यायालय को बताया गया कि कमिश्नर ने यह कहते हुए कि अभी समय नहीं है अपील पर सुनवाई नहीं की, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने पाया कि एसडीएम का आदेश विधि संगत नहीं है। कोई भी कार्यवाही करने से पहले संबंधित तहसीलदार या पटवारी से प्रतिवेदन मंगवाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। न्यायालय ने मामले में यथास्थिति के निर्देश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

### हाईकोर्ट में अगली सुनवाई छह अक्टूबर को

## छात्रसंघ चुनाव मामले में जवाब के लिये राज्य सरकार ने मांगी मोहलत

**जबलपुर।** विश्वविद्यालयाओं व महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराये जाने को लेकर मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब के लिए मोहलत मांगी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिये स्थगित कर दी। हाईकोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। यह मामला छात्र नेता अदनान अंसारी की ओर से दायर किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश उपाध्याय ने पक्ष रखा। याचिका में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की पुनः बहाल किये जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि लिंगदोह समिति की सिफारिशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 2017 से अब तक छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं। जबकि छात्रों से 250 प्रति वर्ष छात्रसंघ शुल्क लिया जा रहा है, लेकिन चुनाव नहीं कराये जाते है। पिछले कई सालों से छात्रसंघ चुनाव संपन्न नहीं हुए है, जो कि अनुचित है। मामले की पिछली सुनवाई पर न्यायालय ने विवि को शासन से स्ट्रंक्शन प्राप्त कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये थे।



## खेल कैलेंडर बनाकर प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश

# तीन चरणों में होगा सांसद खेल महोत्सव

**जबलपुर।** जिले में सांसद खेल महोत्सव 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर के बीच तीन चरणों में ग्राम पंचायत विकास खण्ड और संसदीय क्षेत्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। खेल महोत्सव में शूटिंग व वॉटर स्पोर्टस के गेम भी आयोजित किया जाये। इसे एशियन गेम्स की तर्ज पर कराने के लिए खेल कैलेंडर बनायें और स्पोंसरशिप सुनिश्चित करने के निर्देश सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये। इस दौरान कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, एडीएम नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद दुबे ने कहा कि 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोकस रहता है कि युवाओं को खेलों से जोड़ा जाये और परम्परागत खेलों के साथ नए खेलों से भी युवाओं को जोड़कर उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि परम्परागत खेलों की जगह ऐसे खेल जिससे युवाओं का कैरियर और ग्लेमर है, उसमें खेल प्रतिभाओं को तलाशें। पुलिस अधीक्षक उपाध्याय ने खेल व्यवस्थाओं के साथ कानून व्यवस्था और इसमें जन सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ ही हर गांव को इस महोत्सव से जोड़ने को कहा।

खेल अधिकारी आशीष पांडे ने सांसद खेल महोत्सव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर कहा कि 29 अगस्त को सांसद दुबे द्वारा सांसद खेल महोत्सव का सॉफ्ट लॉंच कर दिया गया है। 20 सितम्बर तक यूनिफाईड डेस्क बोर्ड पर खेल के रजिस्ट्रेशन होंगे और 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक यह महोत्सव चलेगा। जिसमें परम्परागत खेल खो-खो, कबड्डी, दौड़, क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि के साथ कैरियर मूलक खेल भी होंगे। इसमें प्रथम स्तर पर ग्राम पंचायत स्तर पर विजेता टीमों की विकासखंड स्तर पर खेल प्रतियोगिता होगी और फाइनल गेम जिला स्तर पर रानीताल स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।

## शेल्टर होम, नसबंदी तथा वैक्सीनेशन में सपोर्ट देगा स्वयंसेवी संगठन

# आवारा श्वानों से निपटने एनजीओ निगम के साथ

हरिभूमि जबलपुर।

आवारा श्वानों की समस्या को निपटाने हेतु जबलपुर की निजी संस्थाएं तथा एनजीओ ने शेल्टर होम नसबंदी तथा वैक्सीनेशन में नगर निगम का साथ देने का निर्णय लिया। इस हेतु ठोस कार्य योजना नगर निगम को साथ देने का निर्णय लिया। इस हेतु ठोस कार्य योजना नगर निगम बनाए, जो प्रदेश के दूसरे शहरों के लिए भी यह मॉडल मार्गदर्शक बन सके।

यह निर्णय शनिवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के तत्वाधान में आयोजित श्वानों को पसंद करने वालें तथा एनजीओ की बैठक में लिया गया, बैठक में लगभग 10 एनजीओ, 15 श्वान प्रेमी एवं एक्टिविस्ट तथा विभिन्न निजी संस्थाओं के प्रतिनिधि ने अनेक सुझाव प्रस्तुत



किए जिन्हें नगर निगम के साथ होने वाली आगामी बैठक के एजेंडा में शामिल किया जायेगा।

### जल्द ही कार्ययोजना बनाई जाएगी

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने आयोजित एनजीओ की बैठक के बावत शुभकामना देते हुए संदेश भेजा की आवारा श्वानों की समस्या को निपटने हेतु शीघ्र ही एनजीओ के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाई जाएगी। बैठक में डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, डॉ ओपी श्रीवास्तव, डॉ अभिजीत मुखर्जी, डॉ अमीर खान, डॉ नीलिमा शर्मा, मनीष कनौजिया, एड। सचिन मिश्रा, पूजा पांडे, वंदना ओझा, पूजा किरार, पूर्णिमा शर्मा, स्वाति सांघी, नीता चौबे, सतीश यादव, शुभम साहू, शिवा दुबे, अरुण केवट, लक्ष्मी हरदिया आदि नागिरिक प्रमुखता से उपस्थित थे।

## देशव्यापी शांति मशाल रैली कल

**जबलपुर।** महाबाधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में देशव्यापी शांति मशाल रैली 01 सितम्बर को शाम 06 बजे चन्द्रमणि बौद्ध विहार दमोहनाका पहुंचेगी, यहां बुद्ध विहार में धम्म देशना कार्यक्रम के उपरांत मशाल रैली चन्द्रमणि बुद्ध विहार से प्रारंभ होगी जो दमोहनाका, मिलौनीगंज, हनुमानताल, भानतलैया, घमापुर चौक से होते हुए आम्बेडकर चौक पहुंचकर संपन्न होगी। रैली को सफल बनाने की अपील एनके टेम्भूर्णे, अशोक रामटेके, सुनंदा पंचभाई, राजेश भोवरे, डोमाराव खातरकर, दीक्षा वानखेड़े, विजय ब्राम्हणे, दीपक वानखेड़े आदि ने की है।



## यातायात नियमों के उल्लंघन पर हुई चालानी कार्यवाही



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं एसपी संपत उपाध्याय के निर्देशानुसार एसडीएम आधारताल, एसडीओपी आधारताल, राजस्व अमले व पुलिस बल के साथ मदन महल- दमोहनाका ओव्हर ब्रिज पर रील बनाने,हेलमेट नहीं पहनने तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों के पालन करने को कहा गया।

## जुलूस ए मोहम्मदी मार्ग का निरीक्षण करने अधिकारियों को निर्देश

# विसर्जन स्थलों पर सभी इंतजाम सुनिश्चित किये जाएं

हरिभूमि जबलपुर।

गणेश अनंत चौदस पर प्रतिमाओं के विसर्जन और जश्ने ईद मीलादुन्नबी पर आयोजित किये जाने वाले जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर एक तरफ जहां आयोजक अपनी तैयारियों में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर जिला व पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं के साथ साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने की कवायद शुरु कर दी है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन एक ही दिन अनंत चौदस में कराने के लिये समितियों को प्रेरित किया जाए। यहां गौरतलब है की पांच सितम्बर को 5 सितम्बर को जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन है वहीं 6 सितम्बर को अनंत चौदस पर गणेश प्रतिमाओं का जुलूस निकलेगा।

इसी सिलसिले में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने विसर्जन व्यवस्था व कानून व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नगर निगम और विद्युत विभाग व विसर्जन व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की जिन स्थानों पर परम्परागत रूप से प्रतिमाओं का विर्सजन किया जाता है, वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ साथ सुरक्षा के इंतजाम भी पुख्ता किये जाएं, ताकी किसी तरह की अनहोनी न हो सके। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को विसर्जन स्थल पर पर्याप्त साफ सफाई प्रकाश और रैलिंग के इंतजाम करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा की जिले में धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावशील है। लिहाजा डीजे के अनुचित प्रयोग और विधि विरुध्द किसी भी तरह की हरकत पर सख्त एक्शन लिया जाए।उन्होंने कहा की ईद मीलादुन्नबी पर निकाले जाने वाले जुलूस ए मोहम्मदी मार्ग पर भी साफ सफाई सुरक्षा और कानून व्यवस्था के इंतजाम करने के लिये शांति समिति की बैठक में आए सुझावों पर अमल करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान कलेक्टर सक्सेना व एसपी उपाध्याय ने ईद मिलादुन्नबी की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा कर कहा कि शांति समिति की बैठक के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर जो सुझाव आये थे उनका अमल करना सुनिश्चित किया जाये। सभी संबंधित अधिकारी पिछले वर्षों की भांति तैयारियों का जायजा लें और व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, अपर कलेक्टर नाथू राम गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्मार्ट सिटी अस्पताल संचालक अमित खरे पर सीधा आरोप, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

# खबर छापने से बौखलाए गुंडो ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला!

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर की पत्रकारिता को झकझोर देने वाली घटना में पत्रकार सुनील सेन पर शुक्रवार देर रात जानलेवा हमला हुआ। यह हमला किसी सड़क छाप गुंडों का नहीं बल्कि स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक डॉ. अमित खरे के इशारे पर कराया गया बताया जा रहा है।

### खबर दबाने के लिए मिली धमकियां

पीड़ित पत्रकार ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि धर्मेंद्र यादव, बृजेश उपाध्याय और भाजपा नेता गुल्लन दुबे पिछले कई दिनों से दबाव बना रहे थे कि स्मार्ट सिटी अस्पताल की खबर मत चलाना। सच उजागर करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी।

### नीली स्विफ्ट में थे हमलावर, कट्टा लहराया

शुक्रवार रात करीब 1:20 बजे मेडिकल अस्पताल से लौटते वक्त पिसनहारी की मढ़िया पेट्रोल पंप के पास नीली स्विफ्ट कार ने पत्रकार की बाइक को घेर लिया। कार से उतरे चार बदमाश गालियाँ देते हुए बोले बहुत बड़ा पत्रकार बनता है, दस बार फोन किया, नहीं समझता। इसके बाद



डंडे और मुक्कों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार हमलावरों के पास देसी कट्टा भी था और वे जान से मारने की नीयत से आए थे।

### गंभीर हालत में भर्ती, दर्ज हुआ प्रकरण

हमले में पत्रकार सुनील सेन को सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर भीड़ जुटते ही हमलावर मेडिकल की ओर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### डॉ. खरे पर सीधे आरोप, पुलिस की जांच तेज

सुनील सेन ने साफ कहा है कि यह हमला डॉ. अमित खरे के इशारे पर हुआ क्योंकि उन्होंने अस्पताल घोटालों को उजागर किया। पुलिस सूत्रों ने भी माना है कि प्राथमिक जांच में डॉ. खरे से विवाद की कड़ी सामने आई है।

## कलमवीर संगठन ने जताया रोष

पत्रकार सुनील सेन पर जानलेवा हमले को लेकर कलमवीर संघर्ष संगठन ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक गिरीश पाण्डे और राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी ने मुख्यमंत्री से इस गम्भीर मुद्दे पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। संगठन के प्रदेश संयोजक सुनील साहू और प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पत्रकार पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने इस मामले में पत्रकारों की सुरक्षा और माफियों पर लगाम लगाने सरकार से मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विवेक यादव, कोषाध्यक्ष संजय साहू, प्रदेश महासचिव विनोद मिश्रा, योगेश सोनी, रमेश मिश्रा, सुधीर खरे, सत्यजीत यादव, हर्षित चौरसिया, ओम प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष सृजन शुक्ला, राहुल पाण्डेय, रघुनन्दन शुक्ला, अनूप रॉबिन सहित संगठन के सदस्यों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

## तालाबों का सीमांकन करे और मुनारा लगाएं : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, एडीएम नाथूराम गोड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने राजस्व संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्डों की स्कैनिंग शुरू हो जाए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा पर उन्होंने इस दिशा में कम प्रगति लाने वाले छह पटवारियों के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में विशेष रूप से तहसील वार नामांतरण, बटवारा, सीमांकन व वसूली की स्थिति समीक्षा की गई। सीमांकन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी तालाब हैं, उनके सीमांकन के लिए दल बनाएं और सीमांकन कर मुनारा या स्थाई चिन्ह बनाएं। यदि कोई मुनारा को हटाता है तो उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाए। कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे राजस्व न्यायालय परिसर का सतत निरीक्षण करें, एजेंटों और दलालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक में इसके अलावा धारणाधिकार, प्रधानमंत्री मंत्री किसान सम्मान निधि, अवैध कालोनियों के रिपोर्ट, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण आदि पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

**गणेशोत्सव पर चौतरफा गूंज रहे गणपति बप्पा के जयकारे**

# पार्वती नंदन श्री गणेश का हो रहा घर-घर वंदन

**जबलपुर।** प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता, सिद्धि विनायक भगवान श्री गणेश का 11 दिवसीय जन्मोत्सव का पर्वकाल श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना के साथ शुरु हो गया है। घर-घर विराजे गजानन का गुणगान चारों तरफ सुनाई दे रहा है। गणेशोत्सव के इस पर्व में संस्कारधानी धर्ममय नजर आ रही है। सुबह-शाम श्रद्धालुजन उनके जयकारें लगा रहे है। 11 दिन तक चलने वाले पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों तक में अपूर्व उत्साह देखा जा रहा है।

घरों के अलावा नगर के अनेक सार्वजनिक स्थानों में भगवान श्री गणेश की मनोहारी प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। नगर में प्रतिमा स्थापना का क्रम शुरु हो गया है और जहां प्रतिमा की स्थापना की जा रही है, वहां गणेशोत्सव समिति के कार्यकर्ता पंडालों को अंतिम रुप देने में जुटे हुए हैं।

### श्री गणेश मंदिरों में विविध अनुष्ठान



गणेशोत्सव के इस पर्व में नगर के श्री गणेश मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के बीच विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिरों में श्री गजानन के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी है। पूजा-अर्चना के अलावा सहस्त्रार्चन, अभिषेक, गणपति संकट नाश स्त्रोत, अथर्व शीर्ष के सहस्त्राधिक पाठ आयोजित किए जा रहे हैं।

### श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर

श्री सुप्तेश्वर मंदिर एकता विहार रतन नगर में गणेशोत्सव पर्व शुरु हो गया हैं। यहां अखंड रामायण पाठ के अलावा प्रतिदिन सांयकाल महाआरती की जा रही है। इसके अलावा विविध अनुष्ठान, प्रतियोगिताएं आदि का भी आयोजन किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र स्कूल में गणेश उत्सव

महाराष्ट्र स्कूल में चतुर्थी के दिन विधि विधान और पूजा अर्चना के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां पिछले 127 वर्षों से गणपति जी की प्रतिमा की स्थापना महाराष्ट्र समाज द्वारा की जा रही है। इस वर्ष महाराष्ट्र समाज के गणेश उत्सव में युवापीढ़ी विविध आयोजन कर रही है।



# मप्र आदिवासी कांग्रेस कमेटी ने आदिवासी शास. कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामू टेकाम के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग अध्यक्ष धीरेन्द्र संजू ठाकुर ने गौर, कटियाघाट स्थित आदिवासी शासकीय कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावास के किचन और बाथरूम में अव्यवस्थाएं पाई गईं। बच्चियों के नहाते वक्त कर्मचारियों द्वारा छिपकर देखे जाने की जानकार विभाग को लगी जिस पर विभाग ने छात्रावास में पुरुष कर्मचारियों की नियुक्ति पर सवाल उठाए। साथ ही अधीक्षक को हिदायत दी गई कि निकट भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितताएं पाई जाती हैं तो आदिवासी कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान धीरेन्द्र संजू ठाकुर, नीलेश बरकड़े, दीपेन्द्र मरकाम, दीपक विश्वकर्मा एवं छात्राओं के परिजन उपस्थित रहे।

## नृत्य प्रतियोगिता आज, गणपति उत्सव में उमड़ा जनसैलाब



**जबलपुर।** शहर मध्य स्थित चेरीताल वार्ड के सरस्वती गार्डन में प्रतिवर्ष होने वाले विशाल गणपति उत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकीं है। आज 1 वर्ष से 10 वर्ष तक के बालक बालिकाओं की फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। एकदंत की स्थापना के साथ ही सरस्वती गणेश उत्सव समिति ने प्रातः और सायंकाल आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की जानकारी दी। उत्सव में मॉर्निंग इवनिंग़ वाकर के साथ समिति के सौरभ दुबे, शिवम नेमा, जोगेश विश्वकर्मा, हर्षित जैन, सचिन श्रीवास्तव, सौरभ सोनी, हर्षित सोंधिया, आयुष पाठक, नीरज शर्मा, सनी पटेल, चंद्रमोहन सिंह, मितवा शर्मा, सन्नी पाटिल, अमिय यादव, संजय साहू ने अपने अपने दायित्वों को पूर्ण कर लिया है। कार्यक्रम का आयोजन श्री इंदरप्राइजेज की तरफ से किया जा रहा है। पूरे पार्क में साज सज्जा के साथ हो रहे विशेष पूजन ने गणपति उत्सव को और भी भव्य बना दिया है। गणपति दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की अलग अलग पंक्ति बनाई गई है। शाम होते ही वालंटियर अपनी व्यवस्था में तैनात हो जाते है।प्रसाद वितरण और आरती के वक्त सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो इस हेतु आवागमन के बड़े गेट और चौड़े मार्गों का निर्धारण किया गया है।

## डॉ. अरुण मिश्रा बने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**जबलपुर।** केंद्रीय मानवाधिकार संगठन-नई दिल्ली के संस्थापक मिलिंद दहीवले ने जबलपुर के डॉ. अरुण मिश्रा को वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर विक्रम गौतम, के.के. शुक्ला, दीपांशु शुक्ला, सरदार बलराज सिंह, योगेंद्र मालवीय, यदुवंश मिश्रा, संजय शुक्ला, संध्या दुबे, वनिता मालवीय, मिथिलेश तिवारी, अरुण तिवारी सहित अनेक पदाधिकारियों व इष्टमित्रों ने शुभकामनाएं दीं।

# श्री राम ग्रुप द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**जबलपुर।** श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन 30 अगस्त 2025 को श्री राम कॉलेज परिसर के ऑडीटोरियम हॉल में किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी द एआई रिवोल्यूशन : रीडेफिनिंग "ग्लोबल प्रोग्रेसेस" विषय पर आयोजित की गई थी। इस संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. भारतेंदू के. सिंग (डायरेक्टर-ट्रिपल आईटीडीएम, जबलपुर) एवं डॉ. वंदना भारती (आईआईटी धारवाड) एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमेन आर. करसोलिया ने माँ सरस्वती देवी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात कॉलेज प्रबंधन ने पधारे अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. भारतेंदू के. सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एआई की वर्तमान समय में उपयोगिता और उद्योग के क्षेत्र में अपनी कार्यशैली से आमजन को कैसे प्रभावित कर रहा है, उन्होंने कहा कि यदि समय का सही विभाजन अपने जीवन में किया जाए तो सफलता को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही डॉ. वंदना भारती ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एआई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ चुका है एवं भविष्य में इसके बिना किसी भी क्षेत्र में प्रगति नहीं की जा सकती। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान विषय विशेषज्ञों एवं कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एलके पटेल, डायरेक्टर डॉ. योगेश मोहन दुबे, प्राचार्य डॉ. शैलेष गुप्ता, डॉ. समीर वैद्य, डॉ. अविनाश गौर, प्रो. निधि मिश्रा, डॉ. नाजनीन दुबे, डॉ. रीतेश यादव, डॉ. अरुण पटैल, डॉ. भरत सोलंकी, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. सपना जैन चौधरी उपस्थित रहे।



## सीजीएचएस की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि अरविंद पटेल, अनिल शुक्ला, गुरमुख दास, दिलीप कुंडे, किशन लाल, अर्जुन सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। सलाहकार प्रतिनिधियों ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी रावत के साथ डिस्पेंसरी परिसर की साफ सफाई व बैठक व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद संतोष प्रकट किया डॉ आर पी रावत ने पिछली बैठक के मुद्धों की समीक्षा कर, कार्यवाही से अवगत कराया जिससे सलाहकार प्रतिनिधियों ने सराहनीय कार्य निरूपित किया। वही सलाहकार प्रतिनिधियों ने होम्योपैथी डॉ की अनुपस्थिति की वजह से होम्योपैथी दवाइयां न मिलने पर अफसोस जताया। इस विषय पर डॉ आर पी रावत ने शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था के लिये मुख्यालय को अवगत कराएं जाने का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान ऐसा भी एक मामला प्रकाश में आया है कि अधिकृत हॉस्पिटल में भर्ती मरीज से इलाज,ऑपरेशन के दौरान नगद रकम ली गई है। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस मासिक बैठक में डिस्पेंसरी में मेडिसन सप्लायर प्रतिनिधि पंकज नवाठे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही वही बैठक व्यवस्था में डिस्पेंसरी स्टाफ के मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, आनन्द कुमार, रवि कुमार, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो, रंजना का सराहनीय योगदान रहा।

# अपोलो में शीघ्र शुरु होगी रोबोटिक सर्जरी

**जबलपुर।** अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर में शीघ्र ही अत्याधुनिक तकनीकियों से लैस रोबोट द्वारा विभिन्न प्रकार की सर्जरी जल्द प्रारंभ होगी। हॉस्पिटल की सीईओ डॉ. शांति बी. ने यहां पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि प्रतिष्ठित एसएसआई (इंटरनेशनल सर्जिकल रोबोट) का लाइव डेमो और हैंड्स-ऑन अनुभव 29 से 31 अगस्त 2025 तक अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स, जबलपुर में उपलब्ध रहेगा।

साथ ही, रोबोटिक सर्जिकल सेवाएं अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स, जबलपुर में 1 नवम्बर 2025 से मरीजों के लिए प्रारम्भ होंगी। इन सेवाओं का संचालन सीनियर रोबोटिक सर्जन डॉ. गणेश गोर्थी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। डॉ. गोर्थी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय रोबोटिक सर्जिकल कॉन्फ्रेंसेज़ में नियमित आमंत्रित फैकल्टी रहे हैं तथा अमेरिका, फ्रांस और रूस जैसे देशों में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंसेज़ में अपनी कई सर्जरी प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त कर चुके हैं। डॉ. गणेश गोर्थी ने बताया कि पारंपरिक लैप्रोस्कोपिक एवं ओपन सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी के अधिक फायदे हैं यह अत्यधिक सटीकता के साथ होती है और आसपास के अंगों को नुकसान होने का खतरा कम होता है। अधिक लचीले एवं उन्नत उपकरणों से मरीजों को बेहतर परिणाम मिलने की संभावना रहती है।



# भगवान श्रीसुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गणेश पर्व पर दिख रहा धार्मिक उत्साह

**हरिभूमि जबलपुर।**

भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में श्री गणेश जी के पावन पर्व पर चतुर्थ दिवस प्रातःकाल से अभिषेक, पूजन, वस्त्र अर्पण, माल्यार्पण, अथर्व शीर्ष पाठ, आरती, प्रसाद, कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुये। रात्रि 7.15 बजे महाआरती एवं प्रसाद, भजन संध्या का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आनंद पूर्वक सम्पन्न हुआ।

30 अगस्त को प्रातः 10 बजे से भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी का पूजन, अथर्व शीर्ष पाठ प्रतिभा-अनुपम पाण्डे द्वारा, आरती, प्रसाद, वस्त्र अर्पण ममता भाटिया द्वारा, माल्यार्पण एवं सायं 7.15 बजे महाआरती का आयोजन श्री सुप्तेश्वर विकास समिति द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति से आयोजित किया गया। महाआरती के उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद यजमान प्रतिभा-अनुपम पाण्डे द्वारा वितरण किया गया। श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में भव्य रूप से प्रातः 10 बजे से रात्रि 12 बजे तक सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्री गणेश जी का पर्व धार्मिक उत्साह एवं भक्तिमय आनंद से मनाया जा रहा है। सभी गणेश भक्तों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजनों का आनंद एवं धर्म लाभ लेने का आग्रह आयोजकों ने किया है।






**श्री सोनू बेन-** रामपुर आजाद चौक निवासी श्री जानकी प्रसाद बेन के पुत्र श्री सोनू बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक शुक्ला-** माढ़ोताल ग्रीन सिटी रोड मां कृपा परिसर निवासी श्री अशोक शुक्ला (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अरूण कुमार निगम-** राइट टाउन निवासी श्री अरूण कुमार निगम (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल-** गोरखपुर निवासी श्री मदन लाल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव-** गोरैया प्लाट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती यशोदा बाई कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दशरथ प्रसाद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई कोरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण सिंह-** चंदन कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री नारायण सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला सोनी-** साठिया कुआं सराफा निवासी श्री मुन्ना लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सोनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम चौधरी-** मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री सोने लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम चौधरी (105) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भोला पासी-** भानतलैया विद्यापीठ स्कूल के पीछे निवासी भोला पासी (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई चौरसिया-** महाराजपुर निवासी श्री मैथली शरण चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई चौरसिया (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीताराम सोनी-** ब्यौहार बाड़ा साठिया कुआं के पास निवासी श्री सीताराम सोनी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश प्रसाद खरे-** साहिब परिसर यादव कॉलोनी निवासी श्री गनेश प्रसाद खरे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तेजस भाई पटेल-** गंगामैया व्हीकल निवासी श्री सुरेश भाई पटेल के पुत्र श्री तेजस भाई पटेल (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती हीरा देवी खरे-** त्रिपुरी चौक गढ़ा निवासी श्री आरपी खरे की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा देवी खरे (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम अवतार मौर्या-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री राम अवतार मौर्या (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला दुबे-** स्नेह नगर कमला नेहरू वार्ड निवासी श्री चंद्र नारायण दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती विमला दुबे (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## ग्राम पंचायत छेड़ी समग्र पोर्टल से गायब



**भेड़ाघाट।** जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत छेड़ी समग्र पोर्टल से अचानक गायब हो गई है। ग्राम छेड़ी, इमलिया और बरखेड़ा के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। हाल ही में आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती में ग्राम की महिलाओं के फॉर्म ग्राम पंचायत दर्ज न होने के कारण रिजेक्ट हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि समग्र पोर्टल पर छेड़ी की जगह श्रलोदा का नाम दिख रहा है। पंचायत सचिव से पूछने पर कोई जवाब नहीं मिला। ग्रामवासियों ने जल्द जांच की मांग की है और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## 50 वर्ष पुराना पैतृक मकान जेसीबी से गिराया




**मझंगवा (सरौली)।** स्थानीय बाजार क्षेत्र में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहाँ अनुसूचित जाति वर्ग की महिला मीना दाहिया पत्नी उमाकांत दाहिया के 50 वर्ष पुराने पैतृक मकान को बिना किसी न्यायालयीय आदेश और नोटिस के अवैध रूप से जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई महंत जगदीश दास उर्फ गुड्डू महाराज की सहमति से मनीष तिवारी पिता भगवान दास तिवारी द्वारा करवाई गई। मकान को गिराने के लिए जेसीबी मालिक राजेश गुप्ता पिता कन्हैया लाल गुप्ता की जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। मीना दाहिया ने आरोप लगाया है कि उनके मकान में रखा कीमती सामान जैसे सोफा सेट, खिड़की, दरवाजे और अन्य घरेलू सामग्री को भी लूट लिया गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार को लगातार धमकाया जा रहा है। मीना दाहिया ने मझगवा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, लेकिन आरोप है कि अब तक संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे पीड़ित परिवार में भय और आक्रोश व्याप्त है। पीड़िता मीना दाहिया ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### मन्नूलाल जगन्नाथ अस्पताल में रोगी का बड़ा ब्रेन ट्यूमर निकाला

**जबलपुर।** एक रोगी को चक्कर और सुनने में समस्या के कारण मन्नू लाल जगन्नाथ ट्रस्ट अस्पताल में भर्ती किया गया था।

**नाम सुधार सूचना**

मैं RISHEK MITTAL उम्र 19 वर्ष S/O BRIJESH MITTAL मेरे पासपोर्ट नं.K5915190 में मेरा नाम RISHIK MITTAL लिखा हुआ है जो कि बदल कर RISHEK MITTAL कर लिया है जो मेरे आधार, पेन और 10th की अंकसूची में दर्ज है अतः मुझे मेरे नए नाम RISHEK MITTAL से जाना पहचाना जाए।
नया नाम-RISHEK MITTAL
पुराना नाम-RISHIK MITTAL
पता-83 NARMADA ROAD, NEAR MITTAL GAS COMPANY, JABALPUR

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, RAJVIRI name of mother as per her aadhar card) mother of ARMY NO 17015407M RANK HAV NAME MONU KUMAR R/O VILL- MAMUPUR, URF DEDWA POST-LAWAR, TEHSIL- SARDHANA, DISTT- MEERUT (U.P.) 250222 I, have changed my name and date of birth from name RAJVIR DEVI and date of birth 07/03/1961 (name and date of birth as per my son army service records) to name RAJVIRI and date of birth 01/01/1955 (Name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 30/08/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-RAJVIRI
INCORRECT NAME-RAJVIRI DEVI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1955
INCORRECT DATE OF BIRTH-07/03/1961

### जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की कार्रवाई

# पारधियों के ठिकानों पर दबिश, संदिग्ध घरों की तलाशी, अवैध कच्ची शराब कराई नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिलेभर में पारधियों की गतिविधियों की जांच, फरार आरोपियों की तलाश एवं अवैध शराब निर्माण पर प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस की कई टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहीं। पुलिस ने रेड कार्रवाई को अंजाम देते हुए संदिग्ध ठिकानों में दबिश दी और बदमाश प्रवत्ति के लोगों की तलाश की।

थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन एवं पुलिस बल ने ग्राम कुडो, हरदुआ, हरदुआ मदार टेकरी व पठरा का भ्रमण किया। कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध घरों एवं झोपड़ियों की तलाशी ली गई। जिन स्थानों पर अवैध शराब, लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, उन्हें मौके पर नष्ट कराया गया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर सख्त चेतावनी दी तथा अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव व थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा की टीम ने हीरापुर, ददरी एवं फूटहा टोला का भ्रमण करते हुए रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। ग्राम हीरापुर में लगभग 400 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। ग्राम ददरी में भी पारधियों के घर से महुआ लाहन बरामद कर नष्ट कराया गया। डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह के नेतृत्व में

थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान एवं थाना प्रभारी बहोरीबंद अखिलेश दाहिया ने ग्राम बिरूहली व सगमा में फरार आरोपीयों की तलाश की एवं बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट कराया।।थाना बड़वारा प्रभारी के.के. पटेल एवं थाना एनकेजे पुलिस बल ने ग्राम बसाडी, धौरा पहाड़ी व निगेरा पहाड़ी में परधियों के डेरे व संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। बिलहरी चौकी पुलिस द्वारा ग्राम घुघरा, कैमोरी एवं करहिया में पारधी एवं नागड़िया समाज के लोगों के डेरे व झोपड़ियों की गहन तलाशी ली गई।।चैकिंग के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया। 3 व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध कच्ची महुआ शराब रखने पर प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। थाना विजयरघवगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम फुटहा टोला ख़िरबा में दबिश दी गई, जहां अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन नष्ट किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सतना**। नागौद पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।आरोपी,जिसकी पहचान रमाकांत उर्फ पंडा प्रजापति के रूप में हुई है,को अदालत में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने नागौद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिछले साल एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात आरोपी रमाकांत से हुई थी। इसके बाद,दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। 6 जून 2025 को आरोपी ने पीड़िता को उसकी मामी के घर से बाहर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के करीब दो महीने बाद,पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर जांच में सामने आया कि वह गर्भवती है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी रमाकांत उर्फ पंडा प्रजापति,निवासी रहिकवारा,थाना नागौद,जिला सतना को गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही में नागौद पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्यकीर्ति सिंह,महिला आरक्षक पूजा मालवीय और आरक्षक मुनेश सिंह व शैलेंद्र यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# परिवार ने मांगी सुरक्षा, पार्षद ने कलेक्टर-एसपी को दिया आवेदन

**मैहर**। जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक-10 की सदस्य जयंती तिवारी ने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन पत्र सौंपा है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि पिछले कुछ दिनों से उनके कार्यालय के साइनबोर्ड पर लगातार तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं,जिससे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। जयंती तिवारी ने आशंका जताई है कि यह माहौल किसी अप्रिय घटना को जन्म दे सकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। यह घटना नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व से पहले हुई है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

### नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने लगाये आरोप

# डीजल खरीदी के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

### प्रेस कांफ्रेंस कर बताया सत्ता के दबाव में नहीं हो रही हैं जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगरपालिका में कांग्रेस ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां लाखों रुपए का डीजल घोटाला हुआ है। शनिवार को सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे और विधायक प्रतिनिधि शफकत खान ने कहा कि नगरपालिका में कई तरह के भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने बताया कि डीजल घोटाले की जांच EOW कर रही है। इसकी जानकारी कलेक्टर को भी दी गई है। कलेक्टर ने जांच का भरोसा तो दिलाया, लेकिन सत्तापक्ष के दबाव में जांच लटक गई है। विधायक प्रतिनिधि शफकत खान ने कहा कि सिर्फ डीजल ही नहीं, रिक्शा कचरा खरीदी, कचरा वाहन, जल आवर्धन योजना, पीएम आवास योजना और सामग्री खरीदी जैसे मामलों में भी घोटाले हुए हैं। जबलपुर के संयुक्त संचालक ने इन मामलों की जांच के निर्देश दिए हैं, लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं है। पूर्व सांसद मुंजारे ने नेता प्रतिपक्ष पर ही सवाल उठा दिए और उन्हें सत्तापक्ष का दलाल बताया। इस पर लिल्हारे ने जवाब देते हुए कहा कि अगर एक भी दलाली का मामला साबित हो जाए, तो वे खुद जेल जाने को तैयार हैं। लिल्हारे ने यह भी बताया कि नगर में स्विमिंग पूल और मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्षद आंदोलन करेंगे।

# किसान पर भालू ने किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट के लालबर्रा क्षेत्र में शनिवार दोपहर को एक भालू ने खेत में काम कर रहे किसान पर हमला कर दिया। बोरी के उपसरपंच रघुनाथ मर्सकोले (50) अपनी पत्नी के साथ जंगल से लगे खेत में काम कर रहे थे। भालू के हमले में रघुनाथ के सिर, गर्दन, हाथ, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आईं।**

पति पर हमला देख पत्नी ने शोर मचाया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने दौड़कर भालू को भगा दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, वहां दो भालुओं का जोड़ा था, जो हमले के बाद जंगल की ओर भाग गया। सरपंच प्रतिनिधि प्रेमचंद बारमाटे और ग्रामीण घायल रघुनाथ को लालबर्रा अस्पताल ले गए। वन विभाग को सूचना मिलने पर रेंजर टी. मड़ावी ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। विभाग ने इलाज के लिए 2 हजार रुपए की सहायता दी। साथ ही आगे के इलाज और दवाइयों का खर्च भी देने का आश्वासन दिया। गंभीर चोटों के कारण रघुनाथ को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रेंजर मड़ावी ने बताया कि बोरीटोला में हुई इस घटना के बाद घायल किसान की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जंगल से वन्यप्राणी रहवासी क्षेत्र में ना आए, इसके लिए लगातार गश्त की जा रही है। हमारी लोगों से अपील कि वह सुबह अकेले खेत या जंगल न जाए। जंगलो में वन्यप्राणियों का मूवमेंट बना रहता है, जिसको लेकर लोग सतर्क रहे और सावधानी बरते।

# तापमान में कमी से बाघ हुए बेफिक्र सड़क पर दिखी बाघिन संग शावक

**सिवनी जिले के कुरई विकास खण्ड अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व से लगे जंगल क्षेत्र पिंडरई मार्ग में एक रोमांचक दृश्य सामने आया है। पिंडरई-कुरई मार्ग पर रात के समय एक बाघिन अपने चार शावकों के साथ चहलकदमी करती नजर आई।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने इस दुर्लभ नजारे को कैमरे में कैद किया। वर्तमान में पेंच नेशनल पार्क के गेट बंद हैं। इस दौरान जंगल से लगे क्षेत्रों में बाघ और अन्य वन्य प्राणी आसानी से दिखाई दे रहे हैं। तापमान में कमी और घास की बढ़ोतरी के कारण वन्यप्राणी जंगल से बाहर निकल रहे हैं। सामान्य दिनों में पेंच नेशनल पार्क में बड़ी संख्या में पर्यटक सफारी के लिए आते हैं।

पर्यटकों को बीजामट्टा बाघिन, पाड़देव बाघिन, लक्ष्मी बाघिन, काला पहाड़ बाघिन, एल मार्क और स्वास्तिक नर बाघ दिखाई देते हैं। पेंच राष्ट्रीय उद्यान 1179 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यहां 325 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। पार्क के कोर क्षेत्र में 82.30 वर्ग किलोमीटर में फैले करीब 116 किलोमीटर के कच्चे रास्तों पर पर्यटकों को सफारी कराई जाती है। अधिकतर पर्यटक दुरिया गेट से पार्क में प्रवेश करते हैं। खवासा के तेलिया बफर जोन में दिन-रात सफारी की सुविधा कई वर्षों से उपलब्ध है।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सिवनी में प्रवेश सत्र 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है। संस्था में संचालित विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

संस्था में कंप्यूटर डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर में 07 सीट, फिटर में 01 सीट, कारपेंटर में 16 सीट, वेल्डर में 12 सीट, टर्नर में 04 सीट तथा ड्राफ्ट्समैन सिविल में 10 सीट रिक्त हैं। कुल 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 10 सितम्बर 2025 तक संपन्न की जाएगी।

इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथियों में शासकीय आईटीआई सिवनी में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, नवीन रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके माध्यम से आवेदक किसी एक आईटीआई की किसी एक ट्रेड का चयन कर सकेंगे। अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु शासकीय आईटीआई सिवनी परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क से प्रतिदिन संपर्क किया जा सकता है।

## सर्पदंश से घायल युवक अस्पताल में भर्ती, हालत खतरे से बाहर

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

पवित्र नगरी अमरकंटक के सुप्रसिद्ध समोसा व्यवसायी, वार्ड क्रमांक 12 मुख्य मार्ग निवासी नागेश्वर यादव के ज्येष्ठ पुत्र सतीश यादव (20 वर्ष) को शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजे मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होलीडे होम्स में कार्य के दौरान हरे रंग के सर्प ने काट लिया। सतीश यादव, जो होलीडे होम्स में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में वृक्षों की कटाई-छंटाई का कार्य कर रहे थे, तभी एक हरा सर्प वृक्ष से गिरकर उनकी उंगली में काट गया। उपस्थित लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक पहुँचाया।

# शिक्षक ने छात्रा से की अश्लील हरकत

**निवास**। हाल के वर्ष में जिले व जिले से सटे जिलों के छात्रावास या छात्रावास में रहकर अध्यनरत छात्र छात्राओं को कुछ ज्यादा ही परेशानी पेश आई हैए जिनमें निवास के आदर्श एकलव्य छात्रावास के कुप्रबंधन से छात्रा शिल्पा मरावी की असमय मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया हैए ये मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है और दूसरा कृत्य हो गया।जानकारी अनुसार निवास थाने में हुई दर्ज की गई रिपोर्ट में बबलिया क्षेत्र के बरबटी स्कूल में पदस्थ आरोपी शिक्षक मनोज चक्रवर्ती ने 10 वीं क्लास की छात्रा कोप्राचार्य कक्ष में बुलाकर स्कूल की चाबी लाने के लिए भेजाए जब छात्रा चाबी लेकर वापस पहुंची तो कलयुगी शिक्षक के मन का शैतान जाग उठा और शिक्षक छात्रा के अकेलेपन का फायदा उठाने की कोशिश कीए लिखाई गई रिपोर्ट के मुताबिक शिक्षक ने छात्रा को सीने से चिपटाकर अश्लील हरकत करते हुये बातें कीए इस अप्रत्यासित घटना व कलयुगी शिक्षक की इस करतूत से आहत और डरी छात्रा शासकीय छात्रावास पहुंचकर अपनी सहपाठी छात्राओं को आपबीती बताई पश्चात पिता को घटना की जानकारी दी।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बबलिया के कुछ राजनीति से जुड़े लोगों ने पैसों के दम पर मामले को दबाने का असफल प्रयास किया और आरोपी शिक्षक भी किसी तरह मामले पर पर्दा डालने का षडयंत्र रच रहा हैए ज्ञात हो कि इस तरह के घिनोने अपराध में ;बीएनएसद्ध पॉस्को की धारा 7 के तहत यौन इरादे से बच्चे को छूना या अन्य गैर.पेनेट्रेटिव कृत्य शामिल हैंए जिसमें आरोपीत को 3 से 5 वर्ष का कारावास और जुर्माना का प्रावधान है।शुक्रवार 29द08द2025 को पिता के साथ पहुँची छात्रा की शिकायत पर निवास पुलिस ने 74 75**bns** 3/4 **Pocso act st/sc act**मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### इनका कहना है..

एक छात्रा ने अपने शिक्षक पर बदनीयती से छेड़छाड़ के आरोप की शिकायत दर्ज कराई हैए मेरे द्वारा आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी करने बल लगा दिया गया है।

**वर्षा पटेल ;थाना इंचार्ज निवास**

## नशीली सिरप बेचते हुए युवक गिरफ्तार

**रीवा**। जिले के बैकुंठपुर थाना पुलिस ने घूम-घूमकर नशीले सिरप की बिक्री करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से झोले में रखी नशीली सिरप जप्त की गई है। पूंछताछ में आरोपी ने दो सप्लायरों के भी नाम बताए है, जिनके पास से वह खेप लाकर बिक्री करता था।पुलिस ने फिलहाल तस्कर सहित दो सप्लायरों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट सहित औषधि अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और सप्लायरों की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल यह कार्यवाही जिले की बैकुंठपुर पुलिस ने की है। बैकुठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे में स्वदीप उर्फ लकी कोल के द्वारा नशीले सिरप की बिक्री किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसे नशीली सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूंछताछ में आरोपी ने नशे की खेप पलहान निवासी जितेंद्र सिंह और सनी सिंह से लाना बताया है। मामले में फिलहाल आरोपी के बयान के आधार पर कुल तीन लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस का अपराध दर किया गया है, जिनमें स्वदीप उर्फ लकी को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने की 35 लीटर अवैध शराब जब्त

**शहडोल**। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई। पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई में कुल 06 स्थानों पर दबिश दी गई, जहां से 35 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई।

### जिला सायबर सेल टीम द्वारा सायबर फ्रॉड से जुड़े 132 मोबाइल डिवाइसेज़ को कराया ब्लॉक

# साइबर फ्राड: जागरूक रहना जरूरी, नहीं तो जालसाज लगा सकते हैं चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आधुनिकता के इस युग में हर व्यक्ति के जेब में एंड्राइड मोबाइल है, मोबाइल कई तरह की सुविधाओं उपलब्ध कराता है। आज मोबाइल न सिर्फ संपर्क तक सीमित है बल्कि आपका चलता फिरता बैंक अकाउंट है। जरा सी असावधानी या जागरूकता की कमी से बैंक अकाउंट खाली होने में समय नहीं लगता। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बैंकों अधिकारियों से लेकर पुलिस द्वारा भी आम नागरिकों को जालसाजो के झांसा में नहीं आने तथा अपनी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी ओर साइबर क्राइम करने वाले भी नित नये तरीकों से लोगों को कभी धमकाकर तो कभी लालच देकर बातों में उलझाकर गोपनीय जानकारी एकत्र कर तगड़ी आर्थिक चपत लगा रहे हैं। जब तक लोगों को ठगे जाने का अहसास होता है तब तक देर हो जाती है।

### इन नंबरों में कर सकते हैं शिकायत

सायबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया के मार्गदर्शन में जिला सायबर सेल टीम द्वारा अब तक सायबर फ्रॉड से जुड़े 132 मोबाइल डिवाइसेज़ को चिन्हित कर ब्लॉक करवाया गया है। कटनी पुलिस के द्वारा साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए अब तक की है सबसे बड़ी कार्यवाही कहीं जा सकती है। फाइबर फ्रॉड पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाहियां चल रही है पुलिस अलर्ट रहकर हर संभव प्रयास करती हुई दिखाई दे रही है।

पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा जिला सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049140613 तथा नेशनल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर एनसीआरपी पोर्टल के जरिए कंप्लेन रजिस्टर कर फ्रॉड अमाउंट को फ्रीज करवाने की कार्रवाई भी कटनी साइबर टीम के द्वारा की जा रही है। अब तक की जांच में पाया गया है कि सायबर फ्रॉडस्टर धोखाधड़ी करने हेतु फर्जी बैंक खाते एवं फर्जी मोबाइल सिम का उपयोग किया जा रहा हैं। अलग-अलग राज्यों से फर्जी दस्तावेजों या लोगों को लालच देकर सिम खरीदी जाती हैं तथा इन्हें हॉटस्पॉट बनाकर फ्रॉड गतिविधियों में प्रयोग किया जाता है। ऐसे ही संदिग्ध मोबाइल डिवाइसेज़ की पहचान कर उन्हें कटनी साइबर टीम के द्वारा ब्लॉक करवाया गया, जिससे अब इनका दुरुपयोग संभव नहीं होगा। इस कार्रवाई में प्रभारी सायबर सेल उनि रूपेन्द्र सिंह राजपूत एवं जिला सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका है। कटनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के सायबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 या जिला सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049140613 पर संपर्क करें।

### जालसाज लोगों को लालच एवं कार्यवाही का दिखाते हैं डर

जालसाज लोगों को कई तरह से अपनी चंगुल में फंसाने का प्रयास करते हैं।अमूमन अक्सर जालसाज फोन के माध्यम से लोगों को लालच या फिर कानूनी कार्यवाही किये जाने की बात कहते हैं कि आपके विरूद्ध फलां धारा के तहत अपराध दर्ज किया जा रहा है बचना है तो इतने पैसे तुरंत भेजिए। बैंक प्रतिनिधि बनकर एटीएम बंद होने या फिर किसी योजना का लालच देकर बातों पर उलझाकर आर्थिक चपत लगाते हैं। पुलिस प्रशासन से लेकर बैंकों द्वारा समय समय पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि ऐसे किसी भी अनजान कॉल पर भरोसा नहीं करें।

# शिवपुरी नगर पालिका परिषद में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई, तीन सीएमओ निलंबित

## नगरीय प्रशासन आयुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**कार्यों मे लापरवाही करने के कारण गिरी गाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों की कार्य-प्रणाली में अनुशासनहीनता एवं अनियमितता को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद शिवपुरी के वर्तमान मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) ईशांक धाकड़ तथा पूर्व सीएमओ शैलेष अवस्थी एवं केशव सिंह सगर को निलंबित कर दिया है।




### व्यवस्थाओं को सुधारने कुछ नहीं किया

पालिका परिषद शिवपुरी का गठन अगस्त-2022 में हुआ था। तब से लेकर अब तक कार्यालयीन अव्यवस्था, कार्यों में लापरवाही और जवाबदेही की कमी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई है। प्राप्त शिकायतों एवं शिवपुरी कलेक्टर की ओर से प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि इन तीनों अधिकारियों की ओर से कार्यालय व्यवस्था सुधारने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई। इसके चलते निकाय में अराजकता एवं अविश्वास का वातावरण निर्मित हुआ।

### आयुक्त ने इन सीएमओ को निलंबित कर दिया

आयुक्त भोंडवे ने तीनों सीएमओ को निलंबित कर दिया है। ईशांक धाकड़ (वर्तमान सीएमओ) को निलंबन अवधि के दौरान संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन कार्यालय, ग्वालियर मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं शैलेष अवस्थी तथा केशव सिंह सगर (पूर्व सीएमओ) को निलंबन अवधि के दौरान संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन कार्यालय, इंदौर मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। तीनों अधिकारियों को इस दौरान जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। भोंडवे ने स्पष्ट किया है कि नगरीय निकायों में सुशासन, पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसी कठोर कार्रवाई की जाती रहेगी।

### लांजी में टंकी निर्माण में गंभीर खामियां मिली

## जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही पर दो अधिकारी निलंबित

*बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के तहत ग्राम पंचायत बातेगांव को हस्तांतरित नलजल योजना के तहत निर्मित 100 केएल क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी 28 अगस्त को क्षतिग्रस्त होने विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार एजेंसी और अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की। टंकी का निर्माण मैसर्स रायसिंह एण्ड कंपनी बालाघाट की ओर से किया गया था। निर्माण में गंभीर त्रुटियां के सामने आने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। विभागीय स्तर पर भी कठोर कदम उठाते हुए उपयंत्री बीएल उड्के और प्रभारी सहायक यंत्री एचके बागेश्वर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कार्यपालन यंत्री एवं अन्य सहायक यंत्री जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं, उनके विरुद्ध पेंशन नियमों के तहत कार्रवाई के लिए प्रस्ताव प्रमुख अभियंता से मंगाए जा रहे हैं। अपर सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अभिषेक सिंह ने बताया कि निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित होगी।*

## खबर संक्षेप

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा सेवा पखवाड़ा के आयोजनः यति

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भोपाल जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रदेश एवं जिला स्तरीय अलग-अलग प्रभारियों की टोली बनाई गई है। भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास एवं निरंतर उंचाईयों पर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को है। मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जंयती तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

### बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन में राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर इंचार्ज डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ाता है बल्कि उत्पादकता में भी वृद्धि करता है, जिससे देश और प्रदेश की प्रगति को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में खेलों के महत्व पर विचार-विमर्श, खिलाड़ियों को सम्मानित करने तथा विद्यार्थियों को खेल भावना से आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। संस्थान ने इस दिन को प्रेरणादायी वातावरण में मनाया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिट इंडिया अभियान में खिलाड़ियों और नागरिकों को दिलाई शपथ

# हम जो भी हों, सबसे पहले भारतीय हैं व भारत का गौरव बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर नई सीएम ने दिल्ली से किया वर्चुअली संबोधित**

**मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों के खिलाड़ी ओलिंपिक और एशियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत में आने वाले वर्षों में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में ओलिंपिक के भव्य आयोजन का सौभाग्य भी भारत को ही मिलेगा। यदि ऐसा होता है, तो इससे मध्यप्रदेश में भी खेलों के विकास सहित विस्तार गतिविधियों को नई दिशा, नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया अभियान के तहत भोपाल के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद हमेशा देश के लिए जिए। वर्ष 1936 में मेजर ध्यानचंद ने ओलिंपिक के एक अहम मुकाबले में एक के बाद एक तीन गोल दागकर स्टेडियम मे मौजूद सभी दर्शकों को चकित कर दिया था। इस मैच में भारत को विजय मिली थी। तब जर्मन तानाशाह हिटलर ने उनसे पूछा कि आप किस रैंक पर हैं। उन्होंने कहा कि मैं कारपोरल हूं। हिटलर ने उनसे कहा कि मैं आपको सेना में हायर रैंक दूंगा। लेकिन मेजर साहब ने बड़ी विनम्रता से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेजर ध्यानचंद के इस प्रसंग से हमारे सभी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है कि हम जो भी हों सबसे पहले हम भारतीय हैं और भारत का गौरव बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं अन्य नागरिकों को 'फिट इंडिया अभियान' की शपथ भी दिलाई। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश के हर विकासखंड में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम भोपाल में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी और पश्चिमी रेलवे के बीच हॉकी का एक मैत्री मैच भी आयोजित किया गया।

- *मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर दी शुभकामनाएं*
- *प्रदेश के हर विकासखंड में हुई खेल गतिविधियां*
- *भोपाल में मेजर ध्यान हॉकी स्टेडियम में आयोजन*



### फिटनेस को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं: मंत्री सारंग

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि फिट इंडिया से बनेगा हिट इंडिया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर हमारा लक्ष्य है कि हर आयु वर्ग खेलों से जुड़े और फिटनेस को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि प्रत्येक खिलाड़ी अगले तीन माह में कम से कम 10 लोगों को खेल और फिटनेस से जोड़े। जब खिलाड़ी खुद प्रेरणा स्रोत बनकर समाज में खेलों को बढ़ावा देंगे, तब यह आंदोलन घर-घर पहुंचेगा और भारत स्वस्थ एवं सक्षम बनेगा।

## विश्वास ने पूर्व खिलाड़ियों को किया सम्मानित

मंत्री सारंग ने देश को गौरवान्वित करने वाले पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान किया। इनमें 1976 ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ओलिंपियन हॉकी खिलाड़ी मेहबूब खान, 1978 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य मो. युसुफ, वर्ष 2000 सिडनी ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे समीर दाद, वर्ष 2017 वर्ल्ड रेड स्नूकर चैंपियनशिप के पदक विजेता कमल चावला और वर्ष 2016 रियो ओलंपिक में भाग लेने वाले लोंग जंप खिलाड़ी अंकित शर्मा शामिल थे।



### रोमांचक मुकाबले में मप्र हॉकी टीम की हुई जीत

मैत्री हॉकी मैच में मप्र हॉकी अकादमी ने पश्चिम रेलवे को 3-2 से पराजित किया। मैच की शुरुआत में पश्चिम मध्य रेलवे टीम ने बढ़त बनाई। मंच के 8वें मिनट में कप्तान जमीर ने पहला गोल और 12वें मिनट में मो. ताज ने दूसरा गोल दागा। हालांकि इसके बाद मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ने शानदार वापसी की। मैच के 15वें मिनट में कप्तान कुनेन दाद ने पहला गोल दागा, 20वें मिनट में मो. अनस ने बराबरी दिलाई और 29वें मिनट में आदित्य ने निर्णायक तीसरा गोल दागकर अकादमी को जीत दिलाई।

### राजधानी के भारतीय खेल प्राधिकरण, मध्य क्षेत्रीय केंद्र में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का आयोजन

## जीवन में खेलों का विशेष महत्व, इससे टीम भावना का विकास होता है : सांसद शर्मा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण, मध्य क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने कहा कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर देश भर में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन, वर्ष 2019 में, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की गई थी, जिसने लाखों लोगों को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस वर्ष का उत्सव ओलंपिक भावना के प्रति भारत की गहरी प्रशंसा को दर्शाता है, जिसमें उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान जैसे मूल्यों को आत्मसात किया गया।

### जीवन में खेलों का विशेष महत्व

*भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल मैदान में व्यायाम करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बच्चे, युवा और वरिष्ठ नागरिक सभी को फिट इंडिया आंदोलन से जुड़कर अपनी सेहत सुधारनी चाहिए। सांसद आलोक शर्मा ने भारतीय खेल प्राधिकरण, मध्य क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल के खिलाड़ियों और कोचों की सराहना की, जिन्होंने भारतीय खेलों के स्तर को ऊंचा उठाने में निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने "सांसद खेल महोत्सव" के शुभारंभ की भी घोषणा की, जो 21 सितंबर से शुरू होगा। 50 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया।*

### सक्ती थाना क्षेत्र का मामला, न्यायिक रिमांड पर भेजा

# मारपीट के फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले में पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, झूलकदम निवासी पीड़ित पुरुषोत्तम बरेठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई 2025 की रात 11 बजे बस स्टैंड सक्ती पर उसके पुराने दोस्त अरुण श्रीवास, मनोज श्रीवास और रोशन सिंह प्रधान से विवाद हुआ था। इसके बाद 15 मई की रात करीब 12:30 बजे तीनों आरोपी उसके घर की दीवार कूदकर अंदर घुसे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित के शोर मचाने पर उसकी मां रामबाई, पिता कोमल कुमार और भाई भरत लाल बचाने आए तो आरोपियों ने उसकी मां के साथ भी मारपीट की। मामले में थाना सक्ती पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। लगातार खोजबीन के दौरान 29 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में मौजूद हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



### नेन्द्रा स्कूल में था पदस्थ, दहशत का माहौल

# नक्सलियों ने शिक्षादूत को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

नक्सलियों ने एक और शिक्षादूत की हत्या कर दी है। मृतक शिक्षादूत कल्लू ताती गंगालूर क्षेत्र के नेन्द्रा स्कूल में पदस्थ था। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कल्लू ताती का अपहरण नक्सलियों ने शुक्रवार शाम को स्कूल से लौटते समय कर लिया था। देर रात उसे मौत के घाट उतार दिया गया। कल्लू ताती बीजापुर के तोड़का गांव के रहने वाला था। बताया जा रहा है कि बंद स्कूलों के पुनः संचालन के बाद नक्सलियों ने अब तक कुल 9 शिक्षादूतों की हत्या कर दी है। इनमें से पांच हत्याएं बीजापुर जिले में और चार सुकमा जिले में हुई हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से शिक्षकों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे इन शिक्षादूतों को निशाना बनाया जाना बेहद चिंता का विषय बन चुका है।



### नहर में तैरता मिला नाबालिग का शव

**रायपुर।** में उस समय हड़कंप मच गया जब जुलुम गांव के पास नहर में एक नाबालिग लड़की का शव तैरता हुआ देखा गया। स्थानीय ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही मुजगहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 17 साल 7 महीने की प्रिया साहू के रूप में हुई है। घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। फिलहाल मौत का कारण साफ नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती की मौत किसी हादसे का नतीजा है या इसके पीछे कोई और वजह छिपी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कहा है कि रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण सामने आ सकेगा। पुलिस के अनुसार पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### जबरन गाड़ी में बैठाकर की थी वारदात

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास

▶▶ बलरामपुर-रामानुजगंज

अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शुभ्रा पचौरी ने नाबालिग पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 3 आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 20000 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता अपने दीदी के यहां शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने गई थी। अभियुक्त विनोद एक्का उम्र 25 वर्ष, चंद्र प्रकाश मिंज उम्र 25 वर्ष, संदीप तिर्की उम्र 19 वर्ष, हंसपुर थाना करौंधा के रहने वाले हैं। जिन्होंने जबरदस्ती पीड़िता को स्कूटी पर बैठाया और जंगल ले लगे। वहां बांध के पास बारी-बारी से तीनों युवकों के द्वारा दुष्कर्म किया गया। वहीं, उसे रात्रि 10 बजे किसी को नहीं बताने की बात धमकी देते हुए कहते हुए घर पर छोड़ दिया। पीड़िता के द्वारा घटना के दूसरे दिन लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई। कुसमी थाना के द्वारा जांच पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास एवं 20000 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।



### डॉ. यादव को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपे, विधायक कुशवाह पर सख्त कार्रवाई की मांग

# भिंड मामले को लेकर आईएएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मिलकर जताया कड़ा एतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भिंड में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के साथ विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के दुर्व्यवहार को लेकर आईएएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर कड़ा एतराज जताया हैं। मुख्यमंत्री को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपे। इसमें कानून के अनुसार विधायक पर सख्त कार्रवाई करने, इस घटना की पुनरावृत्ति रोकने, फील्ड अधिकारियों की गरिमा, स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिकायतों के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद की व्यवस्था करने की मांग की।

अधिकारियों ने इस घटना की कड़ी निंदा भी की है। आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारी शुक्रवार देर रात मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले। अपने पत्र में अधिकारियों ने भिंड में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर विरोध दर्ज कराया।



### कलेक्टर को भयभीत और अपमानित करने का प्रयास

अधिकारियों ने कहा कि विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने जिले के कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को भयभीत करने एवं सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का प्रयास किया है। ऐसा आचरण जिसमें कोई जनप्रतिनिधि किसी अधिकारी से दुर्व्यवहार करता है और उसे धमकता है न केवल सिविल सेवा की गरिमा को ठेस पहुंचती है, बल्कि लोकतांत्रिक शासन के उस मूल्य पर भी आघात करता है, जो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सिविल सेवकों के बीच परस्पर सम्मान पर आधारित है। डराने धमकाने जैसी घटनाएं सेवा दे रहे अधिकारियों का मनोबल गिरती है।

### ठोस कार्रवाई की मांग

*स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्णय लेने के वातावरण को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। अधिकारियों ने कहा कि यह ध्यान देने योग्य है कि जिला कलेक्टर जिला स्तर पर सरकार का प्रतिनिधित्व करता है। जिला कलेक्टर का अपमान केवल उनकी ही नहीं बल्कि संपूर्ण शासन तंत्र की अधिकारिता का अपमान है। इसका परिणाम शासन व्यवस्था के ढांचे के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकता है। अधिकारियों ने पत्र में लिखा कि सरकार का समय पर हस्तक्षेप न केवल क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों का मनोबल सुरक्षित रहेगा, बल्कि राज्य में सुशासन के सिद्धांतों को भी मजबूत करेगा। इस स्थिति में अधिकारियों की सुरक्षा गरिमा और निष्पक्ष कार्य प्रणाली के लिए हर संभव शीघ्र ठोस कार्रवाई की जाए।*

### लोक सेवकों की सुरक्षा लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ भिंड के कलेक्टर के घर में घुसकर विधायक की गुंडागर्दी की निंदा करते हुए संगठन प्रदेश के लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग करेंगे। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि लोक सेवकों के साथ राजनीतिक गुंडागर्दी गैर संवैधानिक और निंदनीय है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान सिंह ठाकुर, अध्यक्ष प्रणव खरे ने बताया कि जब भिंड जिले के कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव महफूज नहीं, तो आम सेवकों की क्या सामर्थ है। संगठन ने राज्य सरकार से लोक सेवकों की सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की मांग की है।